कार्यालय पुलिस उपायुक्त , काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 07.09.2024

विषयः-थाना चितईपुर पुलिस द्वारा 2.125 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त संतोष कुमार राजभर उर्फ शेरू को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चितईपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 07.09.2024 को चितईपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मलिहान बगिया आदित्य नगर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी से 01 नफर अभियुक्त संतोष कुमार राजभर उर्फ शेरू पुत्र स्व० चन्द्रशेखर प्रसाद निवासी B 34/171 सुन्दपुर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी उम्र- 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 2.125 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ विवरण-

पकड़े गए व्यक्ति संतोष कुमार राजभर उर्फ शेरू पुत्र स्व० चन्द्रशेखर प्रसाद निवासी B 34/171 सुन्दपुर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी उम्र- 40 वर्ष से पूछताछ करने पर अपने जुर्म को स्वीकार करते हुये बताया कि मैं बहुत गरीब व बेरोजगार हूँ मेरे पास कोई काम नही है, पैसो की काफी तंगी है और मेरे पास खर्च ज्यादा है जिसके कारण गलत सोहबत मे आकर मैने ये गलत काम करना शुरु कर दिया । आज भी मै मलिहान स्थित बगीचे के पास काली पन्नी मे गांजा को रखकर पैकेट बनाकर बेचने आया था तथा ग्राहक का इंतजार कर रहा था कि आप लोग आ गये और आकर मुझको पकड़ लिया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

- संतोष कुमार राजभर उर्फ शेरू पुत्र स्व० चन्द्रशेखर प्रसाद निवासी B 34/171 सुन्दपुर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी उम्र- 40 वर्ष

<u>बरामदगी –</u>

- 2.125 किलोग्राम नाजायज गांजा

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान</u>- दिनांक गिरफ्तारी 07.06.2024 को मलिहान बगिया आदित्य नगर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी ।

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -

1. मु0अ0सं0 164/2024 धारा 8/20 NDPS एक्ट थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-</u>

1. संजय कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विकास पाण्डेय थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0प्र0 रवि चौहान थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 राजीव कुमार थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 सतीश चन्द यादव थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
जोन काशी
कमि0 वाराणसी